# मेवाड़ जगत



अर्थ डायग्नोस्टिक्स
Meaningful, Authentic & Dedicated
डबल क्वालिटी सर्टिफाइड
NABL & NABH
प्रमाणित
4-सी, एपेक्स चेम्बर, भारतीय लोक कला मंडल के पीछे, मधुबन, उदयपुर
Call: 70733 08880 / 70738 18880
अर्थ डायग्नोस्टिक्स
Meaningful, Authentic & Dedicated



उदयपुर, मंगलवार, 9 जून 2026 वर्ष - 4 अंक : 22



## सार - समाचार

### पति के साथ जा रही विवाहिता की दुर्घटना में मौत

**उदयपुर।** अपने पति के साथ बाईक पर जा रही एक विवाहिता की एक कार की टक्क र से मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार गीता पत्नी राजू सिंह गरासिया निवासी गोहावाडा फला अम्बापाला बावलवाडा जो अपने पति राजू के साथ बाईक पर बावलवाडा से घर गोहावाडा जा रही थी। भगोरपाडा में पीछे से बोलेरो चालक मनोहर सिंह निवासी गोहावाडा बाईक ने टक्क र मार दी, जिससे पीछे बैठी गीता देवी नीचे गिर गई और उसके सिर में चोट आने से उसे चिकित्सालय ले जाया गया, जहां पर उसने दम तोड़ दिया। बावलवाड़ा पुलिस ने मामला दर्ज कर पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों के सुपर्द कर दिया है।

### युवकों से मारपीट कर किया खंजर से हमला

**उदयपुर।** तालाब की पाल पर बैठे तीन दोस्तों पर कुछ बदमाशों ने मारपीट कर युवक के खंजर से वार कर घायल दिया। मिली जानकारी के अनुसार कृष्णा गमेती गमेती निवासी सेक्टर 12 ने बताया कि वह 7 जून की रात वह अपने दोस्त हिमांशु नंगारची, राजेश यादव हम तीनों नेलातालाब की पाल पर बैठा था। इस दौरान 6.7 लडके आए और दोस्त राजेश के साथ मारपीट करने लगे। बीच बचाव करने गए तो एक युवक ने लडके ने खंजर से हमला कर दिया, जो उसके हाथ पर लगा। उसके बाद ये लोग बाईक लेकर भाग गए। सविना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पिकअप की टक्कर से वृद्ध की मौत

उदयपुर। घरेलू सामान खरीदने गए एक वृद्ध की पिकअप की टक्क र से मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार धन्ना मीणा निवासी सुरासेमल फलां पीपली ऋषभदेव जो 7 जून को शाम 7 बजे अपने घर से किराणा की दुकान पर घरेलू सामान खरीदने गए थे। रास्ते में पन्नालाल पुत्र वागा मीणा के घर के सामने रोड के साईड पर रूके तभी पिकअप के चालक ने इस वृद्ध को टक्क र मार दी, जिससे वह रोड की साईड पर गिर गए व अत्यधिक खुन बहने से मौके पर ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

### दुकानदार ने पैसा मांगा तो युवक ने किया हमला

उदयपुर। एक ठेले पर नारियल पीने के बाद दुकानदार ने पैसा मांगा एक एक युवक ने नुकीली वस्तु से हमला कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार मनोहर सिंह निवासी सुभाषनगर ने बताया कि वह ठेले पर नारियल का व्यवसाय जगत होटल के पास करता है। 7 जून को रात्रि 10.30 बजे मेरा ठेला गली में खड़ा कर रहा था इतने में पड़ोसी विनोद नायक निवासी सुभाषनगर आया व नारियल पानी मांगा। जब उससे नारियल के पैसे मांगे तो उसने गाली गलौज कर पैसे नहीं देकर नुकीली चीज मार दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# हिस्ट्रीशीटरों के अवैध कब्जों पर बुलडोजर चलाएगा प्रशासन

मेवाड़ जगत

**उदयपुर।** शहर और आसपास के इलाकों में कुख्यात हिस्ट्रीशीटरों और बदमाशों द्वारा सरकारी जमीनों पर किए गए अवैध कब्जों पर प्रशासन बुलडोजर चलाने की तैयारी कर रहा है। बदमाशों ने सरकारी जमीनों पर रिसोर्ट, विला बनाए लिए और कहीं-कहीं पर तो प्लाटिंग भी कर ली। जानकारी के अनुसार हत्या, लूट, डकैती, रंगदारी, अवैध हथियार और अन्य गंभीर अपराधों में नामजद इन अपराधियों ने सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जे कर करोड़ों का साम्राज्य खड़ा कर लिया है।



अब पुलिस की रिपोर्ट के बाद प्रशासन इन अवैध कब्जों को हटाने की तैयारी में जुट गया है। सूत्रों के अनुसार शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में बिलानाम, मंगरी किस्म तथा सरकारी खातों की जमीनों पर कब्जे कर कई जगह रिसोर्ट, विला, स्वीमिंग पूल और अन्य व्यावसायिक निर्माण खड़े कर दिए गए हैं। कुछ स्थानों पर अवैध प्लॉटिंग कर भूखंड बेचने की शिकायतें भी सामने आई हैं। प्रशासन ने संबंधित विभागों को जमीनों का रिकॉर्ड खंगालने और वास्तविक स्थिति की रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए हैं। अधिकारियों मानना है कि इन हिस्ट्रीशीटरों ने अपने प्रभाव का इस्तेमाल कर सरकारी भूमि पर कब्जे किए।

# किरोड़ी बेईमान हैं, तो मैं भी ईमानदार नहीं : शिक्षा मंत्री

**जयपुर।** कृषि विभाग में एंटी करप्शन ब्यूरो की हालिया कार्रवाई को लेकर प्रदेश की सियासत गरमा गई है। कांग्रेस नेताओं ने कृषि मंत्री किरोड़ीलाल मीणा पर आरोप लगाए। अब उनका बचाव करते हुए शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि अगर किरोड़ीलाल मीणा बेईमान हैं, तो फिर मदन दिलावर कभी ईमानदार हो ही नहीं सकता है। उन्होंने कहा कि मैं किरोड़ीलाल मीणा को विद्यार्थी जीवन से



जानता हूं। उनकी छवि हमेशा साफ सुथरी और निष्पक्ष रही है। उन्होंने कहा कि विपक्ष को दूसरों पर अंगुली उठाने से पहले अपने गिरेबान में झांकना चाहिए। दिलावर ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि जेजएम घोटाले में अशोक गहलोत को कितने रुपए मिले थे। उन्होंने यह भी कहा कि गोविंद सिंह डोटासरा भी महेश जोशी की तरह जेल जाएंगे। कृषि विभाग में एसीबी की कार्रवाई पर शिक्षा मंत्री ने कहा कि किसी भी विभाग में कोई भी व्यक्ति भ्रष्ट हो सकता है। लेकिन उसके खिलाफ कार्रवाई होना इस बात का प्रमाण है कि राज्य सरकार भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि किसी व्यक्ति का किसी मंत्री या अधिकारी से मिलना.जुलना इस बात का प्रमाण नहीं हो सकता कि वह भ्रष्टाचार में भी शामिल है। बीजेपी सरकार पारदर्शिता और जवाबदेही के सिद्धांत पर काम कर रही है। भ्रष्टाचार के मामलों में किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा।

# 100 साल पुराने स्कूल की जर्जर इमारत ढहाई, नए भवन निर्माण का रास्ता साफ

मेवाड़ जगत

वल्लभनगर। उदयपुर जिले के वल्लभनगर में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में लंबे समय से जर्जर अवस्था में खड़े पुराने विद्यालय भवन को गिराने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। विद्यार्थियों एवं स्टाफ की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रशासन द्वारा भवन ध्वस्तीकरण प्रस्ताव स्वीकृत होने के बाद जेसीबी मशीन की सहायता से कार्य प्रारंभ किया गया। विद्यालय परिसर में स्थित यह भवन काफी समय से जर्जर हो चुका था, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी हुई थी। भवन को हटाने की प्रक्रिया के दौरान सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। विद्यालय की प्रधानाचार्य सरिता



जैन ने बताया कि स्कूल की पुरानी बिल्डिंग अत्यंत जर्जर हो चुकी थी। भवन को गिराने का प्रस्ताव स्वीकृत होने के बाद ध्वस्तीकरण कार्य शुरू किया गया है। साथ ही नए विद्यालय भवन के निर्माण के लिए भी प्रस्ताव भेज दिया गया है। उल्लेखनीय है कि वल्लभनगर का यह विद्यालय तहसील का सबसे पुराना विद्यालय माना जाता है, जिसका इतिहास लगभग 100 वर्ष से भी अधिक पुराना है। पुराने समय में इस विद्यालय को ऊठाला स्कूल के नाम से जाना जाता था। क्षेत्र की कई पीढ़ियों ने इसी विद्यालय से शिक्षा प्राप्त की है और यह विद्यालय वल्लभनगर की शैक्षणिक विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा रहा है। विद्यालय प्रशासन के अनुसार पुराने भवन के स्थान पर नया भवन बनने से विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। स्थानीय लोगों एवं अभिभावकों ने जर्जर भवन हटाने के निर्णय का स्वागत करते हुए इसे विद्यालय विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया है।



# उदयपुर में उपकार मसाला ब्रांड के नाम पर फर्जीवाड़ा

मेवाड़ जगत

**उदयपुर।** उदयपुर में चर्चित मसाला ब्रांड उपकार के नाम पर फर्जी दस्तावेजों के जरिए कारोबार करने का मामला सामने आया है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने जांच के बाद फर्जी तरीके से प्राप्त किया गया खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण का लाइसेंस निरस्त कर दिया है। विभाग का कहना है कि उपकार नाम का वैध लाइसेंस वर्ष 1972 से कुतुबुद्दीन कनोड़वाला के नाम दर्ज है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक आदित्य ने बताया कि व्यवसायी सेफुद्दीन जाकिर हुसैन कनोड़वाला ने फर्जी दस्तावेज लगाकर विभाग को गुमराह करते हुए लाइसेंस प्राप्त किया था। जांच में दस्तावेज संदिग्ध पाए जाने पर लाइसेंस निरस्त कर दिया गया। विभाग ने चेतावनी दी है कि यदि इसके बाद भी मसालों का निर्माण या व्यापार करते पाए गए तो फैक्ट्री सीज कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। कुतुबुद्दीन कनोड़वाला ने बताया कि जेड ए कनोड़वाला नाम से उनकी फर्म वर्षों से उपकार ब्रांड के मसाले बना रही है। आरोप है कि सेफुद्दीन और बुरहानुद्दीन ने मिलकर इसी नाम से फर्जी फर्म बनाकर सुखेर में फैक्ट्री शुरू कर दी और स्वास्थ्य विभाग में फर्जी दस्तावेज प्रस्तुत कर लाइसेंस हासिल कर लिया। उन्होंने बताया कि सूचना के अधिकार के जरिए दस्तावेज मंगाने पर फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ जिसमें उनके नाम से जुड़े दस्तावेजों का उपयोग किया गया था।

## प्रश्नोत्तरी

**Q1** 
7 जून 2026 को पेरिस में संपन्न हुए 'फ्रेंच ओपन 2026' (French Open) के पुरुष एकल का खिताब किसने जीता, जो उतके करियर का पहला ग्रैंड स्लैम (Grand Slam) है?

- (A) प्लेविथो कोबोली (Flavio Cobolli)
- (B) कार्लोस अल्काराज (Carios Alcaraz)
- (C) अलेक्जेंडर ज़्वेरेव (Alexander Zverev)
- (D) जानिक सिनर (Jannik Sinner)

**Q2** 

राजस्थान डिजिटल स्वास्थ्य पहल और 'सुजस रिपोर्ट 2026' के अनुसार, नागरिकों को विशिष्ट डिजिटल स्वास्थ्य पहचान पत्र जारी करने के उद्देश्य से बनाई जाने वाली 'आभा आईडी' (ABHA ID) के निर्माण में राजस्थान का देश में कौन सा स्थात है?

- (A) प्रथम स्थान
- (B) द्वितीय स्थान
- (C) तृतीय स्थान
- (D) पाँचवां स्थान

**Q3** 
राजस्थान की पशुधन संपदा के संदर्भ में, नवीनतम पशुगणना के आंकड़ों के अनुसार राज्य के कुल पशुधन में अकारात्मव वृद्धि (Positive Growth Rate) दर्ज करने वाले मुख्य वंश कौन सें है?

- (A) गोवंश (Cattle) और भैंस (Buffalo)
- (B) भेड़ (Sheep) और बकरी (Goat)
- (C) ऊँट (Camel) और गधा (Donkey)
- (D) घोड़ा (Horse) और सूअर (Pig)

**Q4** 
राजस्थान में प्री-मानसून की अवधि (अप्रेल से जून) के दौरान थार मरूस्थल से उठने वाले भयंकर धूल के तुफानों (Dust Storms) को उत्तर भारत के मैदानी इलाकों में बढ़ने से रोकने में कौन सी भौगोलिक संरचना 'पारिस्थितिक बाल' (Ecological Shield) के रूप में कार्य करती है?

- (A) मुकुंदरा हिल्स
- (B) अरावली पर्वतमाला (Aravalli Range)
- (C) विध्यन कगार भूमि
- (D) लाठी सीरीज भू-पट्टी

**Q5** 
'संयुक्त राजस्थान (United Rajasthan - एकीकरण का तृतीय चरण) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन सा कथन असत्य (Incorrect) है?

- (A) इसका गठन 18 अप्रील 1948 को उदयपुर रियासत के विलय के साथ हुआ था।
- (B) इस चरण का उद्घाटन पंडित जवाहरलाल नेहरू द्वारा किया गया था।
- (C) संयुक्त राजस्थान के राजप्रमुख कोटा के महाराज भीमसिंह को बनाया गया था।
- (D) इसके प्रधानमंत्री माणिक्य लाल वर्मा को थे।

प्रश्नों के उत्तर भेजे 9079051521 पर जो भी प्रतिभागी और पाठक नियमित प्रश्न के उत्तरों के जवाब देंगे उन्हें आकर्षक गिफ्ट दिया जाएगा

कल के अंक के उत्तर - 1 (A) 2 (A) 3 (C) 4 (C) 5 (B)

Dr. ANUSHKA GROUP OF INSTITUTES

# आबादी भूमि हस्तांतरण के लंबित प्रस्तावों पर भड़की संघर्ष समिति

मेवाड़ जगत

**उदयपुर।** यूडीए पेराफेरी क्षेत्र में पट्टों की मांग को लेकर चल रहा संघर्ष एक बार फिर तेज होने के संकेत दे रहा है। आबादी और उससे लगती बसावट वाली आराजियों को संबंधित पंचायतों एवं नगर निगम को हस्तांतरित करने में हो रही प्रशासनिक ढिलाई से लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। मंगलवार को पेराफेरी पंचायत जिला संघर्ष समिति की कोर कमेटी ने जिला कलक्टर गौरव अग्रवाल और यूडीए आयुक्त अभिषेक खन्ना से मुलाकात कर लंबित प्रस्तावों के जल्द निस्तारण की मांग उठाई। समिति ने अधिकारियों को बताया कि आंदोलन के चार माह बाद केवल आबादी भूमि के तैयार प्रस्ताव ही कलक्टर कार्यालय भेजे गए लेकिन उनका भी अब तक निस्तारण नहीं हो पाया है। संघर्ष समिति ने चेतावनी दी कि यदि जल्द निर्णय नहीं लिया गया



तो जिले के 205 गांवों में फिर से व्यापक आंदोलन शुरू किया जाएगा। संघर्ष समिति संयोजक चंदन सिंह देवड़ा ने कहा कि सरकार के स्पष्ट सर्कुलर होने के बावजूद अधिकारी कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनता वर्षों से पट्टों की मांग कर रही है, लेकिन जब तक संपूर्ण आबादी एवं बसावट वाले खसरों को संबंधित पंचायतों या नगर निगम को हस्तांतरित नहीं किया जाएगा, तब तक पट्टे जारी होना संभव नहीं है। देवड़ा ने कहा कि प्रशासन को आमजन की समस्या समझते हुए शीघ्र समाधान करना चाहिए, अन्यथा इस बार आंदोलन और उग्र होगा। उन्होंने कहा कि सर्व समाज अब आर-पार की लड़ाई के मूड में है। वर्षों से बसे लोगों को उनके आवासीय अधिकार मिलने चाहिए।

### अंदर से बाहर तक देखभाल : ओरल हेल्थ और त्वचा का गहरा संबंध

**उदयपुर।** प्रमुख स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ. सोनिया दत्ता द्वारा विशेष ओरल हेल्थ विश्लेषण के अनुसार आज के स्किनकेयर-केंद्रित दौर में उपभोक्ता साफ़ और स्वस्थ त्वचा पाने के लिए अपनी दिनचर्या को बेहतर बनाने, अलग-अलग उत्पादों को आज़माने और अपने खान-पान पर अधिक ध्यान देने में पहले से कहीं अधिक समय और प्रयास लगा रहे हैं।

## फतहसागर किनारे सजेगा स्वाद का नया ठिकाना, जुलाई तक तैयार होगी 1.81 करोड़ की परियोजना

# रानी रोड पर बनेगा नाइट फूड कोर्ट और नाइट बाजार

मेवाड़ जगत

**उदयपुर।** झीलों की नगरी उदयपुर में पर्यटन को नया आयाम देने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। शहर के सबसे लोकप्रिय पर्यटन स्थलों में शामिल फ्तहसागर झील के रानी रोड क्षेत्र में जल्द ही नाइट फूड कोर्ट और नाइट बाजार विकसित किया जाएगा। जयपुर के प्रसिद्ध मसाला चौक की तर्ज पर तैयार हो रही इस परियोजना के शुरू होने के बाद पर्यटक और शहरवासी देर रात तक खानपान और मनोरंजन का आनंद ले सकेंगे। उदयपुर विकास प्राधिकरण की ओर से करीब 1.81 करोड़ रुपये की लागत से यह परियोजना विकसित की जा रही है। निर्माण कार्य शुरू हो चुका है और जुलाई 2026 तक इसे पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।



### देर रात भोजन की समस्या का होगा समाधान

उदयपुर में हर साल लाखों देशी-विदेशी पर्यटक आते हैं। दिनभर पर्यटन स्थलों का भ्रमण करने के बाद देर रात भोजन और खानपान की सीमित सुविधाओं के कारण पर्यटकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। खासकर फतहसागर और आसपास के क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण फूड कोर्ट की कमी लंबे समय से महसूस की जा रही थी। नाइट फूड कोर्ट शुरू होने के बाद यह कमी काफी हद तक दूर हो जाएगी।

### आधुनिक फूड शॉप्स, बैठने की व्यवस्था

परियोजना के तहत कुल 14 कंटेनर आधारित आधुनिक फूड शॉप्स का निर्माण किया जा रहा है। इसके साथ ही करीब 250 लोगों की बैठने की क्षमता वाला फूड हब विकसित होगा। पर्यटकों और परिवारों के लिए पार्किंग, बैठने की सुविधा और स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराया जाएगा। प्रत्येक दुकान का आकार 6.06 गुणा 2.44 मीटर रखा गया है।

### मेवाड़ी स्वाद से लेकर फास्ट फूड तक

नाइट फूड कोर्ट में स्थानीय मेवाड़ी और राजस्थानी व्यंजनों के साथ-साथ फास्ट फूड, चाट, स्नैक्स, मिठाइयों और अन्य लोकप्रिय खाद्य पदार्थों की दुकानें संचालित की जा सकेंगी। इससे पर्यटकों को देर रात तक गुणवत्तापूर्ण भोजन की सुविधा मिल सकेगी।

### रात्रिकालीन पर्यटन को मिलेगा आकर्षण

फ्तहसागर झील और रानी रोड क्षेत्र शाम ढलते ही पर्यटकों और स्थानीय लोगों से गुलजार हो जाता है। ऐसे में नाइट बाजार शुरू होने के बाद यह क्षेत्र उदयपुर के प्रमुख रात्रिकालीन पर्यटन केंद्र के रूप में उभर सकता है। पर्यटन विशेषज्ञों का मानना है कि इस परियोजना से शहर की नाइट लाइफ को नई पहचान मिलेगी और पर्यटन गतिविधियों में भी वृद्धि होगी।

---

## श्री उमिया माता मंदिर की प्रथम शिला स्थापना संपन्न



मेवाड़ जगत

**डूंगरपुर।** जिले की आसपुर तहसील के डोली गांव में कड़वा पाटीदार समाज के तत्वावधान में समाज की कुलदेवी श्री उमिया माता मंदिर निर्माण हेतु प्रथम शिला स्थापना कार्यक्रम श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ संपन्न हुआ। वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक विधि-विधान के बीच आयोजित इस कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजन, मातृशक्ति एवं युवाओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। समाजजनों ने बताया कि मंदिर का निर्माण विश्व प्रसिद्ध मकराना के सफेद संगमरमर से किया जाएगा, जिससे यह मंदिर क्षेत्र में आस्था और आकर्षण का केंद्र बनेगा।

कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि यह केवल मंदिर निर्माण नहीं, बल्कि समाज की आस्था, संस्कृति, एकता और भावी पीढ़ियों के संस्कारों की मजबूत नींव है। प्रस्तावित उमियाधाम परिसर में आधुनिक शिक्षण संस्थान, खेल मैदान, लाइब्रेरी, कोचिंग सेंटर, कौशल विकास केंद्र, सभागार सहित विभिन्न सामाजिक सुविधाएं विकसित करने की योजना है, जिससे समाज के युवाओं और आने वाली पीढ़ियों को लाभ मिल सके। कार्यक्रम के अंत में समाज की सुख, शांति, समृद्धि एवं एकता की कामना करते हुए सभी ने मंदिर निर्माण कार्य में सहयोग का संकल्प लिया।

## 141 डिप्टी के ट्रांसफर, गिर्वा डिप्टी चंदेल को भेजा बांसवाड़ा

मेवाड़ जगत

**उदयपुर।** पुलिस विभाग ने देर रात को बड़ा फेरबदल करते हुए उदयपुर के गिर्वा डिप्टी सहित प्रदेश के 141 डिप्टी के तबादले किए है। इनमें गिर्वा डिप्टी गोपाल चंदेल को बांसवाड़ा लगाया है। चंदेल उदयपुर फाईल्स को लेकर चर्चा में रहे थे और इस दौरान भाजपा का एक गुट इनसे काफी नाराज चल रहा था। जानकारी के अनुसार पुलिस विभाग ने एक आदेश जारी कर प्रदेश के 141 डिप्टी के ट्रांसफर किए है। इनमें गिर्वा डिप्टी





गोपाललाल चंदेल को बांसवाड़ा साईबर क्राईम में, अशोक कुमार आंजना का यातायात उदयपुर से सिरोही के रेवदर, अब्दुल रहमान को जीआरपी से सागवाड़ा, श्रवणदास संत को सहायक कमांडेंट 10वीं बटालियन बीकानेर से वल्लभनगर, विजय कुमार आर्य को पीटीएस खेरवाड़ा से अजमेर ग्रामीण, छवि शर्मा को सहायक पुलिस आयुक्त जोधपुर से उदयपुर पूर्व, गोविंद सिंह को साइबर क्राइम बांसवाड़ा से गिर्वा, ऋषभदेव डीएसपी राजीव राहर को सलूंबर, छगन पुरोहित को अपराध अनुसंधान सेल से ऋषभदेव, चांदमल को सराड़ा से मावली, तपेन्द्र मीणा को एमबीसी खेरवाड़ा में सहायक कमांडेट पद पर ट्रांसफर किया है।

### भाजपा का एक गुट था नाराज

डीएसपी गोपाललाल चंदेल उदयपुर फाईल्स को लेकर चर्चा में थे। इस पूरे प्रकरण की जांच इन्होंने ही की थी। इस कार्यवाही के बाद से ही भाजपा का एक गुट गोपालाल चंदेल से खासा नाराज चल रहा था।

## साईड नहीं दी तो टैंकर चालक से मारपीट

उदयपुर। टैंकर चालक द्वारा साईड नहीं देने पर बाईक सवार युवकों ने मारपीट कर घायल कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार शांतिलाल पटेल निवासी शक्तिनगर नीचला खेरवाडा ने रिपोर्ट दी कि 7 जून को रात्री 8.30 बजे वह बंजारिया पानी का टेंकर खाली कर भूत बंगला रोड पर पहुँचा कि आगे से एक बाईक वाला आया। रोड पर पिछे से कार आई तो मैंने बाईक वाले को बाईक साईड में करने को कहा तो बाईक सवार व्यक्ति मुझे देख लेने की धमकी दी। मै मेरा टेंकर पानी वाला टेंकर लेकर प्रतापत वाटिका नीचला खैरवाडा के पास पहुँचा कि रास्ते में विकेश बासोड एवं विकास दोनो ने मुझे रोक मेरे साथ मारपीट की। मारपीट के दौरान गले में चांदी की चैंन व पैसे 1500 रूपये थे जो गिर गए। खेरवाड़ा थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# दुर्घटना होने पर दो युवकों का अपहरण की मारपीट, 5 आरोपी गिरफ्तार

मेवाड़ जगत

**उदयपुर।** भीण्डर पुलिस ने बाईक दुर्घटना के बाद दो युवकों का अपहरण कर गांव में ले जाकर बंधक बनाकर बुरी तरह से मारपीट करने में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार दामा रावत निवासी तेलियातलाई फलाडोर भीण्डर ने गणेश पुत्र दल्ला रावत निवासी खानातलाब भीण्डर, अशोक रावत निवासी भादवीवेला भीण्डर, लोगर रावत निवासी जिरियाफला सवना भीण्डर और अन्य के खिलाफ 20 अप्रैल को रिपोर्ट दी कि उसका पोता शंकर पुत्र भैरूलाल भगवान लाल एक महिला कांता को जिरियाफला सवना छोड कर आ रहे थे कि पिछे से बाईक लेकर आ रहे गणेश रावत निवासी खानातलाब व अशोक रावत निवासी भादवीवेला ने शंकरलाल की बाईक के टक्कर मार दी। इसके बाद दोनों आरोपी शंकरलाल व भगवान लाल को जबरन अपने गांव ले गए, जहां पेड से बांध कर मारपीट की। शंकरलाल की जेब से 3 हजार रूपये और भगवानलाल की जेब से 1000 रूपये निकाल लिए और दोनो के मोबाईल भी फोड दिए। आरोपियों ने मारपीट के विडियो इंस्टग्राम पर वायरल कर दिए। इसके बाद जब वह छुड़ाने गया तो आरोपियों ने 1 लाख 11 हजार रूपए की मांग की, जिस पर 90 हजार रूपए की व्यव-स्था कर दिए तब जाकर शंकरलाल व भगवानलाल को छोड़ा। पुलिस ने मामला दर्ज कर इस प्रकरण में जांच करते हुए अशोक कुमार मीणा निवासी खानातालाब भीण्डर, गणेशलाल पुत्र दलीचंद रावत निवासी खानातालाब भीण्डर, कमलचंद उर्फ कमला रावत निवासी जिरिया फलां सवना भीण्डरए हिरा रावत निवासी जिरिया फला सवना भीण्डर और लोगरलाल रावत निवासी जिरिया फलां सवना भीण्डर को गिरफ्तार किया है।

## प्रताप की विजय को छिपाने के षड़यंत्र को उजागर करने का अवसर : राठौड

मेवाड़ जगत



**उदयपुर।** 1947 में केवल स्वराज मिला, स्वत्व जागरण नहीं हो सका। यही कारण रहा कि कम्युनिस्ट मानसिकता ने पाठयपुस्तकों में भारतवर्ष के सत्य इतिहास को जिस तरह उस वक्त तोडमरोड कर लिखा, आज की पीढ़ी भी वही पड़ती आ रही है। हल्दीघाटी सार्द्ध चतुःशती उस मिथक को तोडने का प्रयास है कि हल्दीघाटी में अंततः किसकी विजय हुई थी। यह बात वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप समिति के सम्पर्क अधिकारी व इतिहासविद हनुमान सिंह राठौड ने यहां प्रताप गौरव केन्द्र राष्ट्रीय तीर्थ के पद्मिनी सभागार में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कही। आगामी 17 जून को गांधी ग्राउंड में होने जा रही विशाल राष्ट्र चेतना संकल्प सभा की तैयारी बैठक में उन्होंने कहा कि तथ्यों के आधार पर प्रमाणित सत्य जो अब तक छिपाया गया कि महाराणा प्रताप जीतेए इस विजय के सूत्रों को समाजव्यापी स्थापित करने और कुटिल कम्युनिस्टों के षडयंत्र को उजागर करने का यह अवसर है। राठौड ने व्यवस्था पक्ष के प्रबंधन को समझाते हुए कहा कि व्यव-स्था का सूक्ष्मतम विचार ही किसी भी आयोजन की सफलता की नींव है। व्यवस्थाओं में जुडने वाले कार्यकर्ता जब निरंतर आयोजनों के प्रबंधनों में जुडते हैं, उनमें व्यवस्था प्रबंधन का कौशल स्वतः विकसित होता है।

## 35 हजार पौधे, 20 हजार से अधिक सूती एवं थैले बांटे

मेवाड़ जगत



**उदयपुर।** पर्यावरण संरक्षण, हरित विकास और प्लास्टिक मुक्त समाज के निर्माण के उद्देश्य से राहडा फाउंडेशन ने उदयपुर में जगह.जगह पौध वितरण और सूती एवं जूट के थैले बांटने का अभियान चलाया है। यह अभियान अब पर्यावरणीय जागरूकता और जनसहभागिता का एक सशक्त उदाहरण बनकर उभर रहा है। राहडा फाउंडेशन की संस्थापक अर्चना सिंह चारण के नेतृत्व में वृक्षारोपण, प्लास्टिक मुक्त अभियान, गौकाष्ठ निर्माण, जल संरक्षण, ग्रामीण विकास तथा महिला सशक्तिकरण जैसे विविध क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य किए जा रहे हैं। पर्यावरण संरक्षण केवल सरकारी योजनाओं का विषय नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। इसी सोच के साथ संस्था ने पर्यावरणीय अभियानों को जनआंदोलन का स्वरूप देने का प्रयास किया है। राहडा फाउंडेशन द्वारा अब तक 35 हजार से अधिक पौधे विभिन्न क्षेत्रों में लगाए जा चुके हैं। अरावली क्षेत्र, धार्मिक स्थलों, सार्वजनिक स्थानों एवं ग्रामीण इलाकों में किए गए वृक्षारोपण के साथ-साथ पौधों के संरक्षण और देखरेख पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जिससे हरियाली बढ़ाने के साथ पर्यावरणीय संतुलन को मजबूती मिल रही है। संस्था का नो-प्लास्टिक अभियान भी व्यापक जनसमर्थन प्राप्त कर रहा है। एकल उपयोग प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए राहडा फाउंडेशन द्वारा अब तक 20 हजार से अधिक सूती एवं जूट के थैलों का वितरण किया जा चुका है।

## प्रशासन का चला पीला पंजा, नाले से हटाए अतिक्रमण

मेवाड़ जगत




**उदयपुर।** उदयपुर जिले की घासा ग्राम पंचायत क्षेत्र में बरसाती पानी की निकासी बाधित होने पर प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए नाले पर किए गए अतिक्रमण हटाए। तहसीलदार राधेश्याम जोशी के नेतृत्व में प्रशासनिक टीम ने दो जेसीबी मशीनों की मदद से सड़क किनारे नाले पर किए गए अवैध कब्जों को हटाया। हाल ही में जिला कलेक्टर गौरव अग्रवाल के घासा दौरे के दौरान मांगीलाल पुरोहित सहित ग्रामीणों ने शिकायत की थी कि नूरड़ा मार्ग पर नाले में अतिक्रमण होने से बरसाती पानी की निकासी रुक गई है। इससे खेतों में पानी भरने से किसानों को नुकसान उठाना पड़ रहा था। ग्रामीणों ने बताया कि कुछ लोगों ने पानी के बहाव क्षेत्र में अवैध कब्जे कर लिए थे। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने मौके पर ही अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए थे। आदेशों की पालना में प्रशासन का पीला पंजा हनुमान चौक से लवारिया क्षेत्र तक चला। सुबह शुरू हुई कार्रवाई शाम 6 बजे तक जारी रही। अधिकारियों ने बताया कि अवरुद्ध जल निकासी मार्ग को पूरी तरह साफकर दिया गया है। कार्रवाई के दौरान नायब तहसीलदार नंदलाल जोशी, आरआई गणेश लाल सुथार, पटवारी घमंडी लाल मीणा, सरपंच मांगीलाल मेघवाल, उपसरपंच प्रकाश डांगी और वार्ड पंच पप्पू डांगी सहित अन्य कार्मिक मौजूद रहे।

## विजय-2026 समारोह मे उदयपुर के 60 होनहार और उनके पेरेंट्स सम्मानित

मेवाड़ जगत




**उदयपुर।** यूनीटी अकादमी की ओर से जेईई मेन और एडवांस्ड परीक्षा में बेहतरीन परफॉर्मेंस देने वाले स्टूडेंट्स के लिए एमएलएसयू ऑडिटोरियम में विजय.2026 सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जेईई एडवांस्ड में सिलेक्ट हुए 60 स्टूडेंट्स और उनके माता-पिता को ट्रॉफी व उपरणा ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि एडीएम सिटी जितेंद्र ओझा ने कहा कि उदयपुर अब एजुकेशन हब के रूप में नेशनल लेवल पर पहचान बना रहा है, जिसमें यूनीटी अकादमी का बड़ा योगदान है। यहां के बच्चों ने देश की सबसे कठिन परीक्षा में शानदार ऑल इंडिया रैंक हासिल कर शहर का मान बढ़ाया है। कार्यक्रम में सीडलिंग स्कूल के डायरेक्टर हरदीप बक्शी, बडाला क्लासेज के डायरेक्टर राहुल बडाला, एसेंट करियर पॉइंट के डायरेक्टर मनोज बिसारती और नीरजा मोदी स्कूल की डायरेक्टर साक्षी सोजातिया बतौर विशिष्ट अतिथि मौजूद रहीं। संस्थान के फाउंडर्स कमल पटसारिया, जम्बू जैन, शुभम गालव और युगांशु जैन ने बताया कि यूनीटी अकादमी उदयपुर संभाग में सबसे ज्यादा सिलेक्शन और बेस्ट रैंक देने वाला अग्रणी संस्थान बन चुका है। फैकल्टी टीम ने बच्चों का मुंह मीठा कराकर बधाई दी, वहीं स्टूडेंट्स ने अपनी सफलता का क्रेडिट टीचर्स, रेगुलर टेस्ट सिस्टम और डाउट काउंटर्स को दिया।

## पैसे नहीं दिए तो युवक को पीटा

उदयपुर। बीयर के पैसे देने मना करने पर थार सवार युवकों ने एक युवक के साथ मारपीट कर दी। मिली जानकारी के अनुसार नरेश लौहार निवासी झरनो की सराय देबारी ने बताया कि वह 7 जून को रात्री करीब 11 बजे पर मित्र भैरुलाल से मिलने के लिए जा रहा था कि मेरी बुलट के आगे थार आकर रूकी और मेरे से बियर पीने के लिए पैसा मांगा। मना करने पर थार में लक्की शक्तावत, भानु बाठेडा, सोनू व उनके साथी उतरे। बेल्ट व बीयर की बोतल से हमला कर दिया। सभी आरोपियों ने उसे रोड पर गिराकर मारपीट की। प्रतापनगर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## मादक पदार्थ कोडिन शिशियां रखने में एक आरोपी गिरफ्तार

उदयपुर। प्रतापनगर थाना पुलिस ने एक चाय की दुकान में एक युवक से कोडिन की शिशियां बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। एसआई अशोक कुमार सिंह ने बताया कि सूचना मिली झल्लार की घाटी कानपुर में सुन्दर किराणा स्टोर के पास एक छोटी सी चाय की दुकान है। वहां पर एक लडका कोडिन की शीशीयां बेच रहा है। सूचना पुलिस टीम ने दबिश दी तो वहां पर एक युवक विकास डांगी निवासी लिमडिया बावजी के पास कानपुर प्रतापनगर मिला। दुकान की तलाशी ली तो तलाशी में 35 कोडिन की शीशियां मिली। आरोपी ने पूछताछ में उसने कोडिन की शिशियां सुरेश डांगी निवासी सांवरिया स्टोन के पास मादडी द्वारा देना बताया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

# डॉक्टर को हनी ट्रेप में फंसाकर 25 लाख वसूलने वाली दो युवतियां गिरफ्तार

**उदयपुर।** हिरणमंगरी पुलिस ने एक चिकित्सक को हनीट्रैप में फंसाकर उसके निजी संबंधों वीडियो बनाकर 25 लाख रुपए वसूलने में दो युवतियों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार पीड़ित डॉक्टर की मुलाकात फरवरी 2026 में कृष्णा नामक युवती से हुई थी। धीरे.धीरे बातचीत बढ़ी तो कृष्णा ने डॉक्टर की मुलाकात अपनी एक और परिचित कशिश भारद्वाज से करवाई। मार्च 2026 में कशिश डॉक्टर के फ्लैट पर पहुंचीए जहाँ दोनों के बीच निजी संबंध बने। साजिश के तहत अगले ही दिन कृष्णा ने डॉक्टर को फोन किया और बताया कि कशिश और उनके बीच के अंतरंग पलों का वीडियो बना लिया गया है। इसके बाद आरोपी युवतियों ने असली रंग दिखाना शुरू किया। वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल करने, डॉक्टर की पत्नी व परिवार को भेजने और घर.दफ्तर पर हंगामा करने की धमकियां देकर मोटी रकम की डिमांड की गई। बार.बार की ब्लैकमेलिंग से तंग आकर डॉक्टर ने हिम्मत दिखाई और हिरणमंगरी पुलिस से संपर्क कर पूरी आपबीती बताई। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत जाल बिछाया और दबिश देकर आरोपी कृष्णा और कशिश भारद्वाज दोनों को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अब दोनों युवतियों से कड़ाई से पूछताछ कर रही है। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि डॉक्टर से वसूली गई 25 लाख रुपए की राशि कहाँ छिपाई गई है और इस गैंग में कौन.कौन शामिल है।

### लोन लेकर किस्तों में दिए 25 लाख

धमकियों और बदनामी के डर से डॉक्टर गंभीर मानसिक तनाव और अवसाद की स्थिति में पहुंच गया। युवतियों का दबाव इतना बढ़ गया था कि डॉक्टर को बैंक से लोन तक लेना पड़ा। इसके बाद डॉक्टर ने तीन अलगण्अलग किस्तों में 25 लाख रुपए उदियापोल बस स्टैंड के पीछे ले जाकर कृष्णा को सौंप दिए। रकम लेते समय युवतियों ने वीडियो डिलीट करने और भविष्य में परेशान न करने का वादा किया था।

### महीने बाद फिर मांगे 15 लाख

25 लाख लेने के बाद भी युवतियों की नीयत साफनहीं हुई। करीब 3 महीने शांत रहने के बाद 30 मई को कृष्णा ने डॉक्टर को फिर से मैसेज भेजा और उसी दिन कशिश दोबारा डॉक्टर के फ्लैट पर पहुंच गई। इस बार दोनों ने 15 लाख रुपए की मांग की। साथ ही धमकी दी कि अगर पैसे नहीं मिले तो वीडियो वायरल कर देंगे।

## निर्माणाधीन पुलिया से गिरने से मरे युवक का मुआवजा तय होने पर माने परिजन



**उदयपुर।** हिरणमंगरी थाने के उमरड़ा.आंबुआ मार्ग पर रात को निर्माणाधीन पुलिया से नीचे गिरने से मरे युवक की मौत के मामले में मुआवजा राशी तय होने पर मृतक के परिजन माने और शव का पोस्टमार्टम करवाया। जानकारी के अनुसार देवीलाल पुत्र उमा मीणा निवासी जाली का गुड़ा चांसदा कुराबड़ की बेटी जमना ने अपने घर पर रविवार को फांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया था। जिसे परिजन फंदे से उतारकर जीप से उमरड़ा चिकित्सालय ले जा रहे थे। देवीलाल और इसका बेटा राधेश्याम दोनों बाईक पर आ रहे थे। रास्ते में एक पुलिया का काम चल रहा था और बाईक पुलिया के नीचे गिर गई। देवीलाल के सिर पर चोंट आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद ग्रामीण मुआवजे की मांग और ठेकेदार के खिलाफ कार्यवाही की मांग पर अड़ गए थे। मंगलवार को मोर्चरी में परिजनों और ठेकेदार के बीच वापस वार्ता हुई। दिनभर में कई दौर की वार्ता के बाद 6 लाख रूपए मुआवजा तय किया गया और साथ ही ठेका कंपनी के खिलाफ कार्यवाही पर सहमति बनी। इसके बाद परिजन माने और पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

# सफाई व्यवस्था पर निगम सख्त, आकस्मिक निरीक्षण में चार कर्मचारी गैरहाजिर मिले

मेवाड़ जगत



**उदयपुर।** उदयपुर नगर निगम की स्वास्थ्य शाखा ने अंबामाता क्षेत्र में सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण कर लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों पर सख्ती दिखाई। निरीक्षण के दौरान 30 में से 4 सफाई कर्मचारी मौके पर अनुपस्थित मिले, जबकि कई स्थानों पर गंदगी और चोक नालियां मिलने पर संबंधित कर्मचारियों और जमादारों को फटकार लगाई गई। साथ ही सड़क पर निर्माण सामग्री डालने और काम बंद रखने वालों पर जुर्माना लगाने के निर्देश भी दिए गए। स्वास्थ्य अधिकारी सत्यनारायण शर्मा ने पीपी सिंघल मार्ग, अंबामाता स्कीम, टीचर्स कॉलोनी, यादव कॉलोनी, ओटीसी स्कीम, रानी रोड श्मशान घाट, रेडिसन होटल रोड और महाकाल क्षेत्र का निरीक्षण किया। उन्होंने सेक्टर कार्यालय से हाजिरी रजिस्टर लेकर फील्ड में कर्मचारियों का सत्यापन किया, जिसमें लक्ष्मी, शाहिन, आशा और योगेश गैरहाजिर मिले। यादव कॉलोनी में स्थानीय लोगों ने नियमित सफाई नहीं होने और नालियों में पानी निकासी की समस्या भी बताई। ओटीसी स्कीम में कचरे के ढेर मिलने पर स्वास्थ्य अधिकारी नाराज नजर आए। जमादार द्वारा सुबह 10 बजे तक कचरा उठाने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन 11 बजे तक भी कचरा नहीं उठाया गया। निरीक्षण के दौरान भाजपा अंबेडकर मंडल अध्यक्ष रणजीत सिंह दिगपाल और निवर्तमान पार्षद लोकेश कोठारी भी मौजूद रहे।

## युवक की तालाब में डूबने से मौत

**उदयपुर।** जिले के ऋषभदेव थाना क्षेत्र में एक युवक की तालाब में डूबने से मौत हो गई। पुलिस के अनुसार अंबाघाटी पिपली ए के पास बना डैम में गणेश पुत्र हीरालाल कालबेलिया तैरते हुए पार करते समय झाडियों में फंस जाने से डूब गया। ग्रामीणों ने चार घंटे तक अथक प्रयास किए सफलता हाथ नहीं लगने पर आपदा टीम को सूचना दीए जिस पर रेस्क्यू टीम मौके पर पहुँची। टीम ने 5 मिनट में शव को ढूंढ निकाल ऋषभदेव पुलिस को सुपुर्द किया। टीम में गोताखोर विपुल चौधरी, विजय नकवाल, भवानी शंकर वाल्मीकि, बोट ऑपरेटर कैलाश मेनारिया एवं वाहन चालक मोहन सिंह राणावत मौजूद रहे।

